आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 21.10.2025 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली पर देशवासियों को लिखे पत्र में कहा- अनेक संकटों से गुजर रहे विश्व में भारत स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा।
- पुलिस स्मृति दिवस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले - जो क्षेत्र कभी लाल गलियारे के रूप में जाने जाते थे, अब विकास के गलियारों में बदले।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में राज्य स्तरीय गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में हुए शामिल। कहा- दूध की राजधानी बनेगा मध्यप्रदेश।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रवि फसल के लिए भरपूर खाद का दिलाया भरोसा।

प्रधानमंत्री पत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ऐसे समय में स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा है, जब दुनिया कई संकटों से गुजर रही है। श्री मोदी ने दीपावली पर देशवासियों को लिखे पत्र में कहा कि भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में, राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दीपावली इसलिए विशेष है, क्योंकि पहली बार देश के उन दूर-दराज इलाकों सहित कई जिलों में भी उत्सव का महौल है, जहां कभी नक्सलवाद और माओवादी आतंक हुआ करता था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, भारत ने न केवल धर्म का पालन किया, बल्कि अन्याय का बदला भी लिया।

पुलिस स्मृति दिवस

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि जो क्षेत्र कभी लाल गलियारे के रूप में जाने जाते थे, वे अब विकास गलियारों में बदल गए हैं। श्री सिंह आज नई दिल्ली में आज पुलिस स्मृति दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में देश की बाहरी और आंतरिक सुरक्षा में संतुलन पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने सशस्त्र बलों और पुलिस बलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के स्तंभ बताया।

पुलिस स्मृति दिवस-प्रदेश

इधर भोपाल में, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक प्रांगण में कर्तव्य पथ पर बलिदान देने वाले अमर पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके अदम्य साहस और सेवा भावना को नमन किया। डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के अंतर्गत पुलिस के अधिकारी और जवान पूरी दृढ़ता, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस जवान देशभक्ति और जनसेवा के भाव को चरितार्थ कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस का मनोबल बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मियों के लिए 25 हजार से अधिक मकान बनाए जाएंगे। इसके साथ ही पुलिस विभाग में रिक्त पदों पर भर्तियां भी हो रही हैं। प्रदेश के सभी जिलों में भी पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

धार जिला मुख्यालय पर 34 वीं वाहिनी में गरिमामय समारोह का आयोजन कर अमर पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नर्मदापुरम में पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक को

फूलों से सजाया गया। इस दौरान पुलिस जवानों ने अपने कंधे पर बंदूक रखकर, सिर झुकाकर और बैंड की थाप पर शहीद जवानों को सलामी दी। उधर नीमच पुलिस लाइन कनावटी में शहीद स्मारक पार्क में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पण एवं पुलिस स्मृति परेड का आयोजन किया गया। सतना में पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया गया। शाजापुर में भी कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राण न्योछावर करने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छिंदवाड़ा, शिवपुरी, अशोकनगर, शाजापुर, जबलपुर, रतलाम सहित सभी जिलों में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

पीटीसी-भोपाल,धार,नर्मदापुरम,नीमच,सतना छिंदवाड़ा, शिवपुरी, अशोकनगर, शाजापुर, जबलपुर, रतलाम पन्ना,गुना/पूजापीवर्धन/राशिद/प्रशांत/290/24

गोबर्धन पूजा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को दूध उत्पादन की राजधानी बनाया जाएगा। भोपाल के रविंद्र भवन में आज राज्य स्तरीय गोवर्धन पर्व कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि गोवर्धन पूजा हमें प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए हम दुग्ध उत्पादन एवं पशुपालन को भी निरंतर बढ़ावा दे रहे हैं।

प्रदेश के सभी जिलों में भी आज गोवर्धन पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले में गोवर्धन पूजा के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। पन्ना में नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह शामिल हुए। बैतूल में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके और विधायक हेमंत खंडेलवाल ने भारत भारती गौशाला में गोवर्धन पर्व मनाया। निवाड़ी में कलेक्टर जमुना भिडे ने ग्राम पंचायत नयाखेरा की माँ भगवती गौशाला में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के

साथ गौ-पूजन किया। उधर, शिवपुरी में लुधावली स्थित गौशाला में विधायक देवेंद्र जैन, कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने गोवर्धन भगवान की पूजा कर तुलादान किया गया। झाबुआ जिले की श्री शबरी गौशाला, भूरा डाबरा में भी गोवर्धन पर्व का आयोजन हुआ। ग्वालियर. छतरपुर, जबलपुर में भी गोवर्धन पूजा पर गायों की सेवा की गई।

पीटीसी-छिंदवाड़ा,पन्ना,बैतूल,निवाड़ी,शिवपुरी,ग्वालियर,छतरपुर,जबलपुर

शिवराज-खाद

केंद्रीय कृषि मंत्री और विदिशा सांसद शिवराज सिंह चौहान ने अपने गृह संसदीय जिले सीहोर में पहुंचकर खाद बीज वितरण और फसल बीमा की समीक्षा बैठक में हिस्सा लिया। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत बैठक में श्री चौहान ने अधिकारियों से गंभीरता के साथ खाद-बीज वितरण और फसल बीमा की वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया की यह एक समीक्षा बैठक थी जिसमे उन्होंने दिल्ली के भी वरिष्ठ अधिकारियों को वीसी के माध्यम से जोड़ा था। उन्होंने रवि फसल सीजन में खाद की भरपूर उप्लब्धता का भरोसा दिलाया।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी सुधार पिछले महीने की 22 तारीख से लागू किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है, और इससे पूरे देश के उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है। भोपाल में आम उपभोक्ता बाबर खान ने जीएसटी पर दी गई छूट को लेकर अपने विचार साझा किये हैं...

संक्षिप्त समाचार

- बालाघाट जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

- आगरमालवा जिले में कल सुसनेर विकासखण्ड के नाहरखेडा, उमरिया में पराली न जलाने को लेकर किसानों को समझाइश दी गई।
- जबलपुर के केंद्रीय जेल से दीपावली पर 70 कैदियों को पैरोल पर रिहा किया गया। पैरोल उन्हीं कैदियों को दी गई है, जिनका जेल में आचरण और व्यवहार अच्छा रहा है।
- खंडवा जिले के आदिवासी बाहुल्य विकासखंड खालवा में आज से पांच दिवसीय "ठाटिया उत्सव" शुरू हो गया है। 5 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में आदिवासी समुदाय के लोग घर-घर जाकर नृत्य का प्रदर्शन कर रहे है।
- भोपाल में दीपावली और छठ महापर्व के दौरान यात्रियों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए, पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने प्रबंधन किए हैं। मंडल पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है और भीड़ प्रबंधन तथा यात्री सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।
- नर्मदापुरम जिले के इटारसी में आज मौसम में बदलाव हुआ। तेज हवा के साथ रिमझिम बारिश हुई, जिससे वातावरण में ठंडक हुई।